एक नजर में

अमावस्या को ग्राम ओझरा में निकाली व्यसन मुक्ति रैली

कसरावद। अखिल विश्व गायत्री परिवार के व्यसन मुक्ति अभियान के तहत ग्राम ओझरा के गायत्री परिजनों ने गुरुवार को व्यसन मुक्ति रैली निकाली। गायत्री शक्तिपीठ से आरंभ हुई रैली पूरे ग्राम में व्यसन के खिलाफ जन जागरण करती हुई वापस शक्तिपीठ पहुंची। यहां सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा के माध्यम से रैली का समापन हुआ। गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक हरीराम पटेल ने बताया कि नशा, नाश की जड़ है इसलिए हमारी युवा पीढ़ी को इसके दुष्प्रभाव से बचाना जरूरी है। रैली में शामिल बहनें हाथ में झंडे, बैनर, तख्तियां लेकर व्यसन मुक्ति गीत गाते बजाते चल रही थीं। वहीं युवा साथी व्यसन मुक्ति के नारे लगाकर ग्रामीणों को जागरूक कर रहे थे। रैली में बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। गायत्री परिवार महिला मंडल की कलावती यादव, प्रमिला पटेल, जयमाला पटेल, रंजना पटेल सहित सभी बहनों का रैली में सहयोग रहा। युवा कार्यकर्ता मुरारी पटेल ने बताया कि ग्राम में प्रति अमावस्या जागरण रैली निकाली जाती है।

स्कूल भवन का लोकार्पण

भीकनगांव, निप्र। क्षेत्रीय विधायक झूमा सोलंकी द्वारा ग्राम पंचायत बडीया के ग्राम गोविंदपुरा में नव निर्मित हायर सेकंडरी स्कूल भवन का लोकार्पण और बालक और बालिकाओं को सायकल वितरण किया गया , तत्पश्चात स्कूल प्रांगण में पौधारोपण किया इस अवसर पर साथ मे उपस्थित शहर कांग्रेस अध्यक्ष एवं पार्षद प्रतिनिधि महेश वर्मा, युथ कांग्रेस अध्यक्ष जीतू सेलानी, जनपद सदस्य प्रतिनिधि भईयालाल भाई, पूर्व सरपंच पिपराड एवं समस्त ग्रामीण जन उपस्थित हुए ।कार्यक्रम का संचालन संस्था प्राचार्य संतोष व्यास ने किया।

शालेय चयन स्पर्धाओं का समापन, तीन सौ से ज्यादा खिलाड़ियों ने दिखाई खेल प्रतिभा

खरगोन। दो दिवसीय जिला स्तरीय खेल चयन स्पर्धा का दूसरे दिन समापन किया गया। स्पर्धा में जिलेभर की विभिन्न स्कूलों के तीन सौ से ज्यादा खिलाडियों ने अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। किसी ने फुटबॉल को किक लगाई तो, किसी ने पानी में लगाया गोता, किसी ने राइफल से साधा निशाना तो किसी ने बास्केट की रिंग में डाली बॉल। स्पर्धा के दूसरे दिवस फुटबॉल अंडर14 व 19 आयुवर्ग की स्पर्धाएं हुई। गोकुलदास पब्लिक स्कूल डायरेक्टर अशोक महाजन व जिला शिक्षा अधिकारी शैलेन्द्र कुमार कानूड़े ने सभी खिलाडियों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान निरीक्षक हबीब बेग मिर्ज़ा, स्पोर्ट्स कॉर्डिनेटर अनुभव रॉय, शिक्षा विभाग विधि प्रभारी आफताब खान, योग प्रभारी प्रदीप गुप्ता, ऑब्जर्वर केआर वर्मा, झबरसिंह मंडलोई, इकबाल खान, जितेंद्र हिरवे, सूरज पाल, जॉस पॉल, ऋतिक भालसे, राकेश बडोले, यश गुप्ता, दुर्गेश बड़ोले आदि मौजूद रहे। संचालन माध्यमिक शिक्षक सचिन मोरे ने किया। कोच मुश्ताक खान, उच्छमसिंह रावत, जवानसिंह एदनावर, चेतन कुलमिव सावन रघुवंशी आदि रेफरी रहे।

13 सितंबर को लगेगी लोक अदालत, चल रहा बैठकों का दौर

खरगोन। इस वर्ष की तीसरी नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 सितम्बर को होगा। इसमें अधिक से अधिक प्रकरणों का निपटारा हो सके, इसके लिए बैठकों का दौर चल रहा है। शुक्रवार को न्यायालय परिसर में तृतीय जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति राजकुमार यादव ने अधिवक्ताओं की बैठक ली। इसमें लोक अदालत में रखे जाने वाले प्रकरणों के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। लोक अदालत की सफलता में अधिवक्ताओं के सहयोग को महत्वपूर्ण बताते हुए उनसे सहयोग की अपेक्षा की गई। श्री यादव ने कहा कि नेशनल लोक अदालत के आयोजन का उद्देश्य आपसी विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निपटाना है। बैठक में न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष पवन बिल्लौरे, सचिव रविन्द्र यादव एवं अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

डोंगरे अध्यक्ष और प्रीती जैन बनी इनर व्हील क्लब सचिव

खरगोन। इनर व्हील क्लब खरगोन की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ विधि समारोहपूर्वक हुआ। वर्ष 2025 .26 के लिए नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने अपने .अपने पद की शपथ ली। समारोह की अध्यक्षता डिस्टिक सेक्रेट्री स्मिता बियानी ने की, जिन्होंने सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई और उन्हें पिन लगाकर सम्मानित किया। नवगठित कार्यकारिणी में रेणुका डोंगरे को क्लब अध्यक्ष,प्रीति जैन को सचिव, इंदिरा संचेती को उपाध्यक्ष, ममता दांगी को कोषाध्यक्ष, ज्योति जैन को आईएसओ तथा डॉ. मोनिका पालीवाल को एडिटर का दायित्व सौंपा गया। निवर्तमान अध्यक्ष ने परंपरागत रूप से नए अध्यक्ष को कॉलर पहनाकर पद्भार सौंपा। वरिष्ठ सदस्य सुषमा गौर ने संचालन किया और आभार उपाध्यक्ष इंदिरा संचेती ने माना।

ये कैसा स्वच्छता अभियान... ट्रेंचिंग ग्राउंड बिलखेड़ व बोरगांव में गंदगी से परेशानी

कूड़े के ढेर, दुर्गंध के बीच आवाजाही कर रहे विद्यार्थी और ग्रामीण

नवभारत न्यूज

गोगावां। जिले के गोगावां जनपद के बिलखेड़ बुजुर्ग और बोरगांव मार्ग इन दिनों टेचिंग ग्राउंड के रुप में तब्दील हो गया है। गोगावां मुख्यालय से लगा यह कुड़े का ढेर जहां राहगिरों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है तो वही स्कूली विद्यार्थियों की राह का रोड़ा भी बन गया है।

रास्ते पर सड़क किनारे फेंके जा रहे कचरे और मवेशियों के अवशेष से मार्ग से गुजरना किसी चुनौती से कम रही है। बार. बार शिकायतों के बाद भी इस कुढ़े के ढेर को न तो पंचायत हटवा पा रही, न ही जिला प्रशासन। नतीजतन बारिश के कारण कूड़े की सड़ांध और दुर्गंध के बीच छात्र-छात्राएं, ग्रामीणजन आवाजाही करने को मजबुर है।

शुक्रवार को ग्रामीणों ने कुड़े के बीच एकत्रित होकर मार्ग पर पड़े लगे कुढ़े के ढेर पर नाराजगी जताते हुए कहा कि एक ओर शासन-प्रशासन स्वच्छता अभियान के चलते करोड़ों रुपए खर्च कर रही है, वहीं पंचायत के उदासीन रवैय से मुख्य सड़क किनारे कुढ़े के ढेर अभियान को ठेंगा दिखाते नजर आ जाते है। इसकी शिकायत के बाद भी पंचायत न तो ढ़ेर हटवा पा रही है, न ही यहां कुढ़ा फेंकने वालों को रोक पा रही है।

पालक एवं ग्रामीण महेश यादव, यशवंत यादव, धर्मेंद्र आदि ने बताया कि पिछले एक साल से स्कूल छात्राएं और ग्रामीणजन पंचायत, जनपद सहित कलेक्टर कार्यालय में शिकायत कर रहे है, लेकिन नतीजा सिफर ही है। बिलखेड़ बुजुर्ग और बोरगांव के रास्ते से लोहारी, सोनखेड़ी, रायपुरा आदि गांव के ग्रामीणों सहित स्कूली विद्यार्थी गोगावां शासकिय स्कूल तक पहुंचते है।

समूचे गांव का कचरा सड़क किनारे फेंका जा रहा

इस मार्ग पर समूचे गांव का कचरा सड़क किनारे फेंका जा रहा है, यहां तक की मृत मवेशियों के अवशेष भी यहीं फेकें जा रहे है, जिससे दिनभर यहां कुत्ते मंडराते रहते है साथ ही दुर्गंध से निकलना मुश्किल हो जाता है। सड़ांध के साथ ही कुत्तों का राहगिरों पर हमला करने का डर लोगों की आवाजाही में बाधा बन रहा है, कोई दूसरा रास्ता भी नही है। इस गंभीर समस्या से निजात दिलाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने आंदोलन की चेतावनी दी है।

बच्चों को बेड टच गुड टच के बारे में जानकारी दी

नवभारत न्यूज

भीकनगांव, निप्र। लायंस क्लब भीकनगांव के तत्वाधान में ग्राम गोविंदपुर के हायर सेकेंडरी स्कूल में बच्चों को गुड टच बेड टच के बारे में एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के पूजन के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनुविभागीय अधिकारी भीकनगांव आकांक्षा अग्रवाल ,विशेष अतिथि तहसीलदार रविंद्र चौहान थे ,कार्यक्रम की अध्यक्षता लायंस क्लब अध्यक्ष पवन चौबे के द्वारा की गई कार्यक्रम के दौरान लायंस क्लब अध्यक्ष लायन पवन चौबे , सचिव लॉयन हिमांशु अत्रे द्वार द्वारा बच्चों को गुड टच और बेड टच के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। पास्ट डिस्ट्रीक्ट गवर्नर लायन निर्मल जैन द्वारा बच्चो को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने एवम वृक्षारोपण के लाभ के बारे में जानकारी दी गई।

लायन्स डिस्ट्रिक्ट चेयरपरसन लायन अरविंद जैन ने बच्चो को वर्तमान में मोबाइल के लाभ ओर हानि और उसके प्रति जागरूक रहने के लिए बताया। अनुविभागिय अधिकारी व तहसीलदार द्वारा सभी लायन्स सदस्यो के साथ स्कूल प्रांगण में वृक्षारोपण किया।

नवीन स्कूल भवन के बारे में जानकारी दी

स्कूल के प्राचार्य सन्तोष व्यास ने नवीन स्कूल भवन के बारे में अतिथियों को जानकारी दी और शिक्षकों से परिचय करवाया। कर्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई। इसबार लायन्स डिस्ट्रीक्ट का लक्ष्य ज्यादा से ज्यादा बच्चो तक गुड़ टच बेड टच की जानकारी पहुचाना है। कार्यक्रम में खण्ड श्रोत समन्वयक जगदीश चंद हिरवे विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी दिनेश पटेल संकुल समन्वयक व कन्या हायर सेकेंडरी प्राचार्य सुनीता सिंघल उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन माध्यमिक शिक्षक लक्ष्मीकांत राठोर ने किया अतिथियों का स्वागत विध्यालयीन शिक्षकों ने किया और अंत मे प्राचार्य संतोष व्यास ने सभी का आभार माना।

जैन दिवाकर विचार मंच ने बांटी पाठ्य सामग्री

कसरावद। पूज्य गुरुदेव आचार्य आनंद ऋषि जी म सा की 126वी जन्म जयंती पर नगर के जैन दिवाकर विचार मंच महिला शाखा द्वारा प्राथमिक विद्यालय क्रमांक एक के बच्चों को ज्ञानार्जन सामग्री एवं पानी की बॉटल वितरित की। मंच की प्रदेश उपाध्यक्ष नमिता लूनिया ने कहा कि पूज्य गुरुदेव कमलमुनि जी मसा के मार्गदर्शन में मंच द्वारा जीव दया एवं मानव सेवा के कार्य किए जाते है। आज गुरुदेव आचार्य आनंद ऋषि जी म सा की जन्म जयंती पर स्कूली बच्चों को पेन, पेंसिल, रबर, कॉपी, पानी की बोतल वितरित कर उन्हें मन लगाकर पढ़ने एवं जीवन में कुछ बनने के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यकम में पुष्पा लूनिया, उर्मिला लूनिया, मोनिका मेहता एवं प्रियंका लूनिया ने भी अपने विचार रखे। उद्बोधन के पश्चात बच्चों को पाठ्य सामग्री एवं बोतल वितरित कर स्वल्पाहार कराया। कार्यकम का संचालन नमिता लूनिया ने किया एवं आभार शशि रायली ने माना। कल्पना मांडोत,मनीषा लूनिया,विनीता मांडोत, ,रूपाली डोसी,प्रीति कवाड, भावना कवाड,प्रेमचंद कवाड,विकास मांडोत, मनीष लूनिया,सचिन रायली विद्यालय के प्रधान पाठक कमल भालसे शिक्षिका लीला भालसे आदि थे।

वाटर एड इंडिया ने नगर के युवा को नई दिल्ली में किया सम्मानित

मंडलेश्वर, निप्र। वाटर एड इंडिया जल चैंपियंस चरण दो सम्मान में सम्पूर्ण भारत के 30 जल चैंपियंस का समारोह पूर्वक सम्मान किया गया। नई दिल्ली में आयोजित इस सम्मान समारोह में मंडलेश्वर के युवा जल चैंपियन वासु दीपक चौबे और बलखड कसरावद की सुश्री मंजुला मंडलोई को वाटर एड इंडिया के मुख्य कार्यकारी वी के माधवन , डायरेक्टर विकास कटारिया एवं अमितायुष प्रियदर्शी द्वारा प्रशस्ति पत्र व गिफ्ट्स देकर सम्मानित किया गया। सम्मान कार्यक्रम में अमित पगारे दिव्या चौबे एवं विशाखा चौबे भी शामिल हुए। जल चैंपियन वासु चौबे नेहरू युवा केंद्र के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक व यूनिसेफ यू रिपोर्ट इंडिया के यू एम्बेसडर भी रह चुके है। कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी और कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेस जैसी संस्थाओं के संस्थापक प्रो अच्युत सामंता द्वारा स्थापित आर्ट ऑफ गिविंग संस्था द्वारा भी वासु चौबे को भुवनेश्वर के आयोजित यूथ कॉन्क्लेव में संस्था का ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया गया है। बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग और मास्टर ऑफ सोशल वर्क की डिग्री धारी वासु समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य कर रहे है वर्तमान में वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडलेश्वर के पैरालीगल वालेंटियर भी हैं। वासु चौबे ने दिल्ली से लौटकर बताया कि वाटर एड एक अंतरराष्ट्रीय गैर सरकारी संगठन (एन जी ओ) है जो दुनिया भर में संयुक्त राष्ट्र संघ के सहयोग से स्वच्छ जल और स्वच्छता के लिए विभिन्न सुधार कार्यक्रम संचालित करता है।वासु चौबे की इस उपलब्धि पर नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे पी एल वी जोजू मुरियाडन दुर्गेश राजदीप कनक खांडे अंतिम गोयल सहित शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

समाजसेविका जायसवाल का निधन

खरगोन। जिले के पखालिया, करानिया में षिक्षा का अलख जगाने वाली समाजसेविका विद्या बाई जायसवाल का 75 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। वे

कुछ समय से अस्वस्थ्य थी। उनके निधन से समाज सहित ग्राम में शोक की लहर व्याप्त है।

विद्या बाई के रिष्तेदार राकेष जायसवाल ने बताया कि ग्रामीणजन इन्हें मास्टरनी बाई के नाम से पुकारते थे। षिक्षक पति के षिक्षकिए कार्य प्रभावित होकर वे ग्रामीण बच्चों के साथ ही युवाओं को षिक्षा हासिल करने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करती थी। कई बच्चों की आर्थिक मदद भी की थी। उनके पति स्व. हुकुमचंद जायसवाल ने करीब 50 साल तक गांव में शिक्षकिय कार्य किया था। इन दूरस्थ अंचल में सरकारी शिक्षक नहीं, बल्कि ग्रामीण लोग ज्वार, मक्का अनाज वर्षभर में दे देते उसे लेकर मास्टर पढ़ाते थे। उनका मकसद दूरस्थ अंचल के छोटे बच्चों को शिक्षा से जोडना था। सिलसिला यूं ही चलता रहा वक्त के साथ मास्टरजी की पत्नी विद्या बाई को लोग मास्टरनी बाई कहकर पुकारते थे और आगे चल कर यही उनका नाम हो गया। पति के साथ यह भी बच्चों को पढ़ाती उनके परिवार के लोगों के सुख .दुख को समझती।

छात्राओं से छेड़छाड़ का मामला पुलिस थाने पहुंचा

बिस्टान निप्र। गुरुवार को ग्राम धुलकोट हायर सेकंडरी स्कूल मे बालिकोंओ के साथ में स्कूल चपरासी द्वारा छेड़छाड़ी के मामले को लेकर स्कूल के विद्यार्थी धुलकोट से 5से 6 किलोमीटर की दूरी पैदल चल कर भगवानपुरा थाने पर पहुंचे और विद्यार्थियों ने थाना घेराव कर रोड जाम कर दिया शक्ति प्रदर्शन छात्रो द्वारा किया गया विद्यार्थियों की मांग थी चपरासी पवन वर्मा को निलंबित किया जाए एवं पुलिस कार्यवाही की जाए एवं प्रिंसिपल सत्यनारायण मालवीय को भी निलंबित किया जाए, 5 से 6 घंटे के बाद में जिला प्रशासन के आदेश पर भगवानपुरा थाने पर स्कूल चपरासी पवन वर्मा के खिलाफ विभिन्न धाराओं और पास्को एक्ट में मामला दर्ज कर लिया वही प्रिंसिपल सत्यनारायण मालवीय को खरगोन जिला शिक्षा विभाग मुख्यालय पर अटैच किया गया जिला प्रशासन से एसडीएम बी एस क्लेस सहायक आयुक्त सहित एसडीओपी राकेश आर्य के साथ 2 थानों का पुलिस बल तैनात रहा वही जयस खरगोन भी पूरे समय पीड़ित बालिकाओं के साथ में खड़ा रहा तक पीड़ित बालिकाओं को न्याय दिलाकर अपराधी को कानून के हवाले करवाया गया बिस्टान से अखिलेश भावसार की रिपोर्ट।

हरियाली अमावस्या आस्था ग्राम ट्रस्ट के बच्चों के साथ मनाया

खरगोन, वैश्य समाज महिला इकाई खरगोन जिले में छोटे बच्चों के साथ खुशियां मनाई ओर हरियाली अमावस्या आस्था ग्राम ट्रस्ट के बच्चो के साथ मनाई, हरियाली अमावस्या पर सभी सदस्य मिलकर आस्था ग्राम ट्रस्ट स्कूल में गए और बच्चो के साथ मनाया इस अवसर पर वैश्य समाज महिला इकाई खरगोन जिले की जिला अध्यक्ष डॉ कीर्ति जैन ने बच्चो को हरियाली अमावस्या का महत्व बताया और कहा कि एक महत्वपूर्ण हिंदू पर्व है, जो सावन मास की अमावस्या तिथि को मनाया जाता है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष स्मिता बियानी ने सभी बच्चो के लिए कॉपी, पेन क्रिकेट बॉल भेट किया और कहा कि आज के दिन हरियाली अमावस्या एक महत्वपूर्ण पर्व है जो हमें प्रकृति और पर्यावरण के महत्व को समझने में मदद करता है।

इस अवसर पर संस्था की के द्विवेदी मेम ने बताया कि इस दिन प्रकृति की पूजा की जाती है, जिसमें पेड़-पौधों और वृक्षों की पूजा का विशेष महत्व है। ओर आप सभी संस्था में आए जिससे बच्चों को खुशियां मिली। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष सुषमा गौर ने सभी बच्चो को फल वितरित किए और खूब पढ़े का आशीर्वाद दिया साथ ही पुष्पा जाजू ने सभी बच्चों को पौष्टिकता बढ़ाने के लिए बिस्किट वितरित किए।

एक नजर में — आज से चार दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ

तीन मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर भव्य शोभायात्रा निकाली

नवभारत न्यूज

कसरावद। पावन श्रावण माह में संतोषी माता के झीरे के पास तीन मंदिरो की नवीन प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की शुरुआत हो गई है। इसके तहत धार्मिक अनुष्ठान मंत्रोच्चार के साथ आरंभ हुआ। शुक्रवार को अनुष्ठान से पूर्व नवनिर्मित मंदिर परिसर से जय स्तंभ चौराहे तक प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत भव्य शोभायात्रा निकाली। धर्म ध्वजा लिए युवाओ का उत्साह दिखाई दिया।

शोभायात्रा मे बग्घी पर सवार शेष नाग देवता जी की प्रतिमा को शोभायमान किया। बैंड-बाजो की धुन पर श्रद्धा जमकर थिरके। आगे महिलाओं व बालिकाओं ने सिर पर कलश रखकर भक्ति भाव से कतारबद्ध रुप से शोभायात्रा में शामिल हुई। वही पुरुष श्रद्धालुओं ने सिर पर भगवा साफे बाधे, यात्रा मे चल रहे थे। इस दौरान श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा पर विभिन्न फूल बरसाए। जगह जगह स्वागत किया।

तीन मंदिरों का एक साथ जीर्णोद्धार कार्य कराया

नगर के नयानगर वार्ड 6 स्थित संतोषी माता के झीरे के पास प्राचीन मंदिरो का जीर्णोद्धार कर नवीन मंदिरो का निर्माण किया गया है। 25 से 28 जुलाई तक धार्मिक अनुष्ठान मंत्रोच्चार के साथ संपन्न होगा। इसी दिन पूर्णाहुति होगी। फिर कन्या भोज एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। श्री बालकृष्णा हनुमान मंदिर श्री शिव परिवार मंदिर, श्री शेष नाग देवता जी के पुराने मंदिर को सिचाई विभाग के चतुर्थ श्रेणी सेवानिवृत्त कर्मचारी श्रद्धालु जगदीश चन्द्र राठौड़ द्वारा पेंशन एवं जनसहयोग से तीन मंदिरो का एक साथ जीर्णोद्धार कार्य कराया है।

सनातन धर्म सेवा समिति के तत्वाधान में कलश शोभायात्रा का आयोजन संपन्न हुआ द्य धार्मिक अनुष्ठान दोगांवा निवासी विद्वान पंडीत कमल रावल के सानिध्य मे पंडीत पंकज रावल, पंडीत अंतिम शुक्ला द्वारा धार्मिक अनुष्ठान किया जा रहा है। मंदिर समिति अध्यक्ष जगदीश चंद्र राठौड़ उपाध्यक्ष शिवपुरी गोस्वामी, कोषाध्यक्ष रवि राठौर, सचिव यशवंत सिंह राठौर, समिति सदस्यों में मितेश ग्वालवशी, राकेश यादव, राहुल वर्मा, प्रीतम पाटीदार, राजू पाटीदार आनंद राम यादव इत्यादि सदस्य मौजूद रहे।